पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 7 मई 2025

**-:प्रेस विज्ञप्ति:-**

## ‘ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना द्वारा सीमा पार आतंकियों के ठिकानों पर हमला सराहनीय व वंदनीय : अभाविप

### ‘ऑपरेशन सिंदूर’ में आतंक के खिलाफ भारत की सीमा पार साहसी कार्रवाई, भारतीय सेना के पराक्रम को अभाविप का नमन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत आतंकवाद के विरुद्ध की गई सटीक, संयमित और अनुपातिक सैन्य कार्रवाई का अभिनंदन करती है। यह अभियान हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए जघन्य आतंकी हमले के जवाब में संचालित किया गया, जिसमें 25 निर्दोष भारतीय नागरिकों तथा एक नेपाली नागरिक की नृशंस हत्या की गई थी। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर (PoJK) में स्थित नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों को लक्षित कर उन्हें सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया। विशेष उल्लेखनीय यह है कि इस अभियान के दौरान किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को लक्ष्य नहीं बनाया गया, जिससे भारत की कूटनीतिक परिपक्वता, सैन्य अनुशासन और अंतरराष्ट्रीय मर्यादाओं के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय मिलता है।

यह सैन्य कार्रवाई भारत की आतंकवाद के प्रति ‘Zero Tolerance’ नीति को एक बार फिर दृढ़ता से स्थापित करती है। यह स्पष्ट संदेश है कि भारत अब आतंकवादियों द्वारा प्रायोजित किसी भी हमले को न तो सहन करेगा और न ही अनुत्तरित छोड़ेगा, बल्कि उसका प्रतिकार ठोस, सटीक और निर्णायक रूप से करेगा। अभाविप मानती है कि ‘ऑपरेशन सिन्दूर’ केवल एक सामरिक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता, राष्ट्रीय स्वाभिमान और आंतरिक सुरक्षा की रक्षा में लिया गया ऐतिहासिक कदम है। देश का युवा वर्ग आज भारतीय सेना के इस अद्वितीय शौर्य और अनुशासित पराक्रम पर गर्व करता है और राष्ट्रहित में संपूर्ण समर्पण के साथ एकजुट खड़ा है।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा, “ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना द्वारा उन दिवंगत आत्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में अपनी जान गवा दी। यह एयर स्ट्राइक पाकिस्तान में दशकों से पनप रहे आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब है।आतंकवाद के विरुद्ध पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिग्रहित जम्मू-कश्मीर में भारत द्वारा की गई यह अनुपातिक कार्रवाई दर्शाती है कि भारत अब प्रेरक शक्ति के रूप में खड़ा है, आतंकवाद के संरक्षकों और आतंकवादियों को भारत उनकी भाषा में ही जवाब देना जानता है। अभाविप भारतीय सेना के वीर जवानों के पराक्रम को नमन करती है। भारत द्वारा लिए गए ऐसे साहसिक व शौर्यपूर्ण कदमों में परिषद भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।”

---

**(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री सौरभ पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)**